KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

# Weekly Test

## 100 Que.





KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
+91 875 735 4880 www.khanglobalstudies.com

1. निम्नलिखित युगमों पर विचार कीजिए:

| बाँध/विद्युत परियोजना | नदी |
|---|---|
| (a) किश्यू | 1. अलकनंदा |
| (b) कोटेश्वर | 2. भागीरथी |
| (c) नंगल | 3. सतलज |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

**कूट :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. सूची-I का सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I (नगर) | सूची-II (उद्योग) |
|---|---|
| (a) शोलापुर | 1. तेल शोधन |
| (b) राउरकेला | 2. रेल-कोच |
| (c) कपूरथला | 3. लौह-इस्पात |
| (d) बरौनी | 4. सूती वस्त्र |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 | (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 | (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

3. संथाल निवासी हैं-

(a) मध्य भारत के (b) दक्षिण भारत के

(c) पश्चिम भारत के (d) पूर्व भारत के

4. निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर फसल की पहचान कीजिए:

1. यह खरीफ की फसल है।
2. एक कृषि वर्ष में इसकी तीन विभिन्न वर्धन अवधियाँ आउस, अमन और बोरों हैं।
3. भारत की कुल एक-चौथाई कृषि भूमि में इसकी खेती होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) गेहूँ (b) चावल (c) दाल (d) कपास

5. केसर की सबसे अधिक मात्रा उत्पन्न होती हैं-

(a) पूर्वोत्तर पहाड़ियों में (b) कश्मीर में

(c) केरल में (d) गोवा में

6. सूची-I का सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I (राष्ट्रीय उद्यान) | सूची-II (राज्य) |
|---|---|
| (a) दाचीगम | 1. आंध्र प्रदेश |
| (b) पापीकोंडा | 2. जम्मू एवं कश्मीर |
| (c) सरिस्का | 3. कर्नाटक |
| (d) बांदीपुर | 4. राजस्थान |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 | (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 | (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

7. निम्नलिखित में से कौन-सा, भीतरी (आंतरिक) ग्रहों को प्रस्तुत करता हैं?

(a) सूर्य और पृथ्वी के बीच के ग्रह

(b) सूर्य और क्षुद्रग्रहों (ऐस्टर सदृश) की मेखला के बीच के ग्रह

(c) पृथ्वी के निकट के ग्रह

(d) सूर्य के चारों ओर के ग्रह

8. शीतकालीन अयनांत के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही हैं?

(a) दक्षिणी ध्रुव पर 24 घंटे अंधेरा को होता है।

(b) यह 21 जून को होता है।

(c) उत्तरी ध्रुव पर 24 घंटे अंधेरा छाया रहता है।

(d) सूर्य, सूर्योच्च पर होता है।

9. देशों का सही आरोही क्रम कौन-सा हैं?

(a) ब्राजील, अर्जेन्टीना, ऑस्ट्रेलिया, भारत

(b) ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत, अर्जेन्टीना

(c) अर्जेन्टीना, भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील

(d) भारत, ब्राजील, अर्जेन्टीना, ऑस्ट्रेलिया

10. सूची-I का सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I (ज्वालामुखी पर्वत) | सूची-II (देश) |
|---|---|
| (a) माउंट रेनियर | 1. इटली |
| (b) एटना | 2. मैक्सिको |
| (c) पैरिकुटिन | 3. फिलीपींस |
| (d) ताल | 4. यू॰ एस॰ एम॰ |

**कूट :**

(a) A-4, B-2, C-1, D-3 (b) A-4, B-1, C-2, D-3

(c) A-2, B-1, C-4, D-3 (d) A-4, B-3, C-2, D-1

11. सुनामी की उत्पत्ति किसके द्वारा होती हैं?

(a) पृथ्वी की ऊपरी परत से सिकुड़ने से

(b) चक्रवातों से

(c) समुद्र के भीतर उत्पन्न होने वाले भूकंप से

(d) ज्वार-भाटे से

12. रिंग ऑफ फाययर संबंध हैं-

1. भूकंप से 2. ज्वालामुखी से

3. प्रशांत महासागर से 4. जंगल की आग से

अपना उत्तर नीचे दिए गए कूट की महायता से चुनिए:

**कूट :**

(a) 1, 2 और 3 (b) 2 और 3

(c) 2 और 4 (d) 1, 2 और 4

13. एशिया और उत्तरी अमेरिका को जो जलडमरुमध्य अलग करता है, वह हैं?

(a) बेरिंग जलडमरुमध्य (b) पाक जलडमरुमध्य

(c) जिब्राल्टर जलडमरुमध्य (d) मलक्का जलडमरुमध्य

14. सूची-I का सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I (क्षेत्र) | सूची-II (वनस्पति) |
|---|---|
| (a) सेल्वास | 1. शंकुवृक्ष |
| (b) सवाना | 2. मॉसेस और लाइकेंस |
| (c) टैगा | 3. अधिपादप |
| (d) टुंड्रा | 4. घास और वृक्ष |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 | (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 | (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

15. सूची-I का सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I (दोआब) | सूची-II (नदियाँ) |
|---|---|
| (a) बिस्ट दोआब | i. रावी तथा चिनाव के मध्य |
| (b) बारी दोआब | ii. राची तथा ब्यास के मध्य |
| (c) रचना दोआब | iii. ब्यास तथा सतलज के मध्य |
| (d) चाज दोआब | iv. चिनाब तथा झेलम के मध्य |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | iii | ii | i | iv | (b) | i | ii | iii | iv |
| (c) | iv | iii | ii | i | (d) | i | iv | ii | iii |

16. सूची-I का सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए-

| **सूची-I (नदी)** | | **सूची-II (सहायक नदी)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | गोदावरी | i. | भवानी |
| (b) | महानदी | ii. | पेनगंगा |
| (c) | दामोदर | iii. | शिवनाथ |
| (d) | कावेरी | iv. | बाराकर |

**कूट :**
(a) A-(iv), B-(ii) C-(i), D-(iii)
(b) A-(ii), B-(iii) C-(iv), D-(i)
(c) A-(i), B-(ii) C-(iv), D-(iii)
(d) A-(iii), B-(i) C-(ii), D-(iv)

17. भारत की सीमा पर स्थित निम्नलिखित दर्रो का पूर्व से पश्चिम सही क्रम पहचानिये :
(a) बोमडिला, नाथूला, लिपुलेख, शिपकीला
(b) नाथूला, शिपकीला, बोमडिला, लिपूलेख
(c) नाथूला, लिपूलेख, बोमडिला, शिपकीला
(d) शिपकीला, नाथूला, बोमडिला, लिपुलेख

18. सूची-I का सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए-

| **सूची-I (मैंग्रोव स्थल)** | | **सूची-II (अवस्थिति)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | कोरिंगा | 1. | महाराष्ट्र |
| (b) | वेम्बनाड | 2. | तमिलनाडु |
| (c) | पुलीकट | 3. | केरल |
| (d) | विक्रोली | 4. | आंध्र प्रदेश |

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए-
**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 | (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 | (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।
1. रिहन्द बाँध सोन नदी की एक सहायक नदी पर है।
2. हीराकुंड बाँध महानदी पर है।
3. तुंगभद्रा परियोजना आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक का संयुक्त उपक्रम है।
4. मैथान बाँध दामोदर नदी की एक सहायक नदी बराकर पर है।

**कूट :**
(a) 1, 2 और 3 सही है। (b) 1, 2 और 4 सही है।
(c) 1, 3 और 4 सही है। (d) 1, 2, 3 और 4 सही है।

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. प्राकृति गैस गोंडवाना संस्तरों में पायी जाती है।
2. अभ्रक प्रचुर मात्रा में कोंडरमा में पाया जाता है।
3. घारवाड़ खनिज तेल के लिए प्रसिद्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं/हैं?
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 2 और 3 (d) कोई नहीं

21. हमारे संविधान के अनुसार, राज्य सभा का कार्यकाल-
(a) दो वर्ष में एक बार समाप्त हो जाता है।
(b) प्रत्येक पांच वर्ष में समाप्त हो जाता है।
(c) प्रत्येक छः वर्ष में समाप्त हो जाता है।
(d) समाप्त होने का विषय नहीं है।

22. राज्य सभा को भंग करने का अधिकार किसे प्राप्त है?
(a) राष्ट्रपति (b) सर्वोच्च न्यायालय
(c) उपराष्ट्रपति (d) उपर्युक्त में से को

23. उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था अनुसार, निजी भवनों के ऊपर राष्ट्रीय झंडे को फहराना............ के तहत हर नागरिक का मौलिक अधिकार है।
(a) संविधान का अनुच्छेद 14
(b) संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (a)
(c) संविधान का अनुच्छेद 21
(d) संविधान का अनुच्छेद 25
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/ उपरोक्त में से एक से अधिक

24. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में विधि की सम्यक् प्रक्रिया के सिद्धांत को शामिल किया गया है?
(a) 11 (b) 16 (c) 21 (d) 26

25. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद व्यक्ति के विदेश यात्रा के अधिकार को संरक्षण प्रदान करता है?
(a) 14 (b) 19 (c) 21 (d) कोई नहीं

26. राज्य की नीति के निदेशक तत्वों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. ये तत्व देश के सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र की व्याख्या करते हैं।
2. इन तत्वों में अंतर्विष्ट उपबंध किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय (एनफोर्सिएबल) नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

27. एक नागरिक के मूल कर्तव्यों में निम्न में कौन-सा कर्तव्य सम्मिलित नहीं है?
(a) प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और उसका संवर्धन
(b) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को संजोए रखें और उनका पालन करें
(c) अस्पृश्यता मिटाने की ओर प्रयास करें
(d) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें

28. निम्न में से कौन भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक कर्तव्यों में सम्मिलित नहीं है?
(a) देश की रक्षा करना एवं राष्ट्र की सेवा करना।
(b) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझना और उसका परिरक्षण करना।
(c) ग्राम पंचायतों के गठन में सहायता करना।
(d) सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखना एवं हिंसा से दूर रहना।।

29. भारतीय राष्ट्रपति के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. उसे भारत का जन्मा नागरिक होना चाहिए
2. उसे पैंतीस वर्ष की उम्र पूरी कर लेनी चाहिए
3. उसे संसद का सदस्य निर्वाचित होने की योग्यता रखनी चाहिए इनमें से-

(a) 1 सही है (b) 2 सही है
(c) 1 और 2 सही हैं (d) 1 और 3 सही है

30. पदासीन राष्ट्रपति की पदावधि की समाप्ति से भिन्न किसी कारण से उत्पन्न होने वाली रिक्ति की दशा में रिक्ति भरने के लिए निर्वाचन अवश्य हो जाना चाहिए-
(a) रिक्ति होने की तिथि से छः माह के भीतर
(b) रिक्ति की तिथि से एक वर्ष बाद
(c) रिक्ति की तिथि से नौ माह बाद
(d) रिक्ति की तिथि से सात माह बाद

31. भारत में राष्ट्रपति की मृत्यु, पदत्याग अथवा हटाए जाने पर पद में हुई रिक्ति को भरने की समय-सीमा क्या है?
(a) एक माह (b) नौ माह (c) तीन माह (d) छः माह

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. राष्ट्रपति, भारत सरकार का कार्य अधिक सुविधापूर्वक किए जाने के लिए और मंत्रियों के उक्त कार्य के आवंटन के लिए नियम बनाएगा।
2. भारत सरकार की समस्त कार्यपालक कार्रवाइयां प्रधानमंत्री के नाम से की हुई कही जागंगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**33.** भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति के समय-
(a) जरूरी नहीं है कि वह संसद के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो, परंतु उसे छः माह के अंदर आवश्यक रूप से दोनों में से एक सदन का सदस्य हो जाना चाहिए।
(b) जरूरी नहीं है कि वह संसद के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो, परंतु उसे छः माह के अंदर लोक सभा का सदस्य हो जाना चाहिए।
(c) संसद के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य होना चाहिए।
(d) आवश्यक रूप से लोक सभा का सदस्य होना चाहिए।

**34.** भारत का प्रधानमंत्री बनने के लिए न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए?
(a) 21 वर्ष (b) 25 वर्ष (c) 30 वर्ष (d) 35 वर्ष

**35.** संघीय मंत्रिपरिषद के मंत्री सामूहिक रूप से उत्तरदायी होते हैं-
(a) प्रधानमंत्री के प्रति (b) राष्ट्रपति के प्रति
(c) संसद के प्रति (d) केवल लोक सभा के प्रति

**36.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए -
1. संघ की कार्यपालिका शक्ति प्रधानमंत्री में निहित है।
2. प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
3. प्रधानमंत्री मंत्रिपरिषद के प्रधान होते हैं।
4. यह आवश्यक नहीं कि नियुक्ति के समय प्रधानमंत्री संसद के किसी सदन का सदस्य हो।

**कूट :**
(a) मात्र 1, 2 और 4 सहीं हैं। (b) मात्र 1, 2 और 3 सही हैं।
(c) मात्र 2, 3 और 4 सहीं हैं। (d) मात्र 1, 3 और 4 सहीं हैं।

**37.** लोक सभा को कार्यकाल पूरा होने के पहले भंग किया जा सकता है-
(a) राष्ट्रपति द्वारा स्वविवेक से (b) प्रधानमंत्री द्वारा स्वविवेक से
(c) लोक सभा अध्यक्ष द्वारा स्वविवेक से
(d) प्रधानमंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा

**38.** संविधान का निम्न अनुच्छेदों में से कौन एक उपबंधित करता है कि मत बराबर होने की दशा में लोक सभा के अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा और वह उसका प्रयोग करेगा ?
(a) अनुच्छेद 99 (b) अनुच्छेद 103
(c) अनुच्छेद 100 (d) अनुच्छेद 102

**39.** लोक सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(a) मावलंकर (b) हुकुम सिंह
(c) बी. डी. जत्ती (d) वी. वी. गिरि

**40.** राष्ट्रपति -
(a) संसद का हिस्सा नहीं होता है।
(b) संसद का हिस्सा होता है।
(c) संसद का हिस्सा होता है और संसद में बैठता है।
(d) संसद में वोट दे सकता है।

**41.** निम्नलिखित में कौन सा पोषक तत्व माइक्रोन्यूट्रिएंट है।
(a) वसा (b) प्रोटीन
(c) कार्बोहाइड्रेट (d) विटामिन

**42.** निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए-
1. पादप कोशिको में रसधानियों यानी रिक्तिका बड़े आकार में पायी जाती है जबकि जन्तु कोशिका में यह छोटे आकार में होती है।
2. पादप कोशिकाओं में माइटोकॉड्रिया अपेक्षा कृत कम होती है।
3. जन्तु कोशिका में संग्रहीत भोज्य वसा व ग्लाइकोजेन होते हैं।
4. पादप कोशिका में केन्द्रक विल्कुल बीच में न होकर बलकि किनोरें पर संभव होते हैं।

उपरोक्त कथनों में कौन सा गलत है।
(a) केवल 4 (b) केवल 3
(c) केवल 2 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**43.** निम्नलिखित में से कौन सा कोशिकांग प्रोकैरियोटिक व यूकैरियोटिक कोशिका दोनों में पाया जाता है।
(a) लवक (b) माइट्रोकॉड्रिया
(c) राइबोसोम (d) गाल्जीकाय

**44.** निम्नलिखित युग्मों का अध्ययन कीजिए तथा गलत युग्म की पहचान कीजिए-यदि हो तो-
(a) वेसोफिल्स कण - एलर्जी
(b) न्यूट्रोफिल्स कण - रोगाणुओं का भक्षण
(c) लिम्फोसाइट कण - कणिकारहित, संक्रमण रोधो
(d) मोनोसाइट - सबसे छोटे आकार की WBC

**45.** निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए तथा गलत कथन का चयन कीजिए यदि हो तो
(a) दुनिया का पहला हृदय का प्रत्यारोपण 1967 में द० अफीका में संपन्न हुआ था
(b) दुनिया का पहला हृदय का प्रत्यारोपण 1994 में एम्स दिल्ली में हुआ था।
(c) जार्विक-7 जो कि पहला मान्व कृत्रिम हृदय है का विकास 1982 में हुआ था।
(d) विल्सन ग्रेटवैच पहली बार कृत्रिम हृदय बनाया था

**46.** निम्नलिखित युग्मों के आधार पर गलत युग्म का चयन कीजिए यदि है तो-
(a) स्तनधारी व पक्षी - 4 कक्षीप हृदय
(b) मछली - 3 कक्षीय हृदय
(c) मगरमच्छ - 4 कक्षीय हृदय
(d) मेढ़क - 3 कक्षीय हृदय

**47.** मानव मास्तिष्क का वजन कितना होता है।
(a) शरीर के वजन का लगभग 2%
(b) शरीर के वजन का लगभग 7%
(c) शरीर के वजन का लगभग 12%
(d) शरीर के वजन का लगभग 15%

**48.** निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए-
1. मॉस, हार्नवार्थ व लिवरवार्ट आदि ब्रायोफाइटा समूह के पादप है जिन्हे उभयचन माना जाता है।
2. सेलॉजिनेला, फर्न व लाइकोपोडियम टेरिडोफाइटा समूह के पादप है।
3. जिन्केगो, पाइनस, सेडेरस आदि पादप जिम्नोस्पर्म समूह के मानें जाते है।
4. चावल, मक्का गेहूँ आदि प्राथमिक थैलोफाइटा समूह के पादप है।

उपरोक्त कथनों में कथन का चयन कीजिए-
(a) केवल 1 व 4 (b) केवल 1, 2, व 3
(c) केवल 2 व 3 (d) केवल 1, 3 व 4

**49.** सुमेलित कीजिए-

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. एक्स-रे पुंज | 1. अल्ट्रासाउण्ड |
| B. रेडियोधर्मी समस्थानिक | 2. सी. टी. स्कैन |
| C. पराश्रव्यी तरंगें | 3. पी. ई. जी. स्कैन |
| D. चुम्बकीय अनुनाद | 4. एन.एम. आर. प्रतिबिम्बन |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 | (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**50.** गति के तीसरे नियम के संदर्भ में कौन-सा कथन गलत है-
(a) इसमें लगने वाले बल परिमाण में समान तथा दिशा में भी समान होते हैं
(b) ये बल एक वस्तु पर नहीं, वरन् अलग-अलग वस्तुओं पर कार्य करते हैं,
(c) किसी एकल बल का अस्तित्पव नहीं होता
(d) उपरोक्त सभी सत्य हैं

51. अपश्रव्य तरंगों की आवृत्ति होती है-
(a) 20 Hz से कम (b) 20 Hz से अधिक
(c) 20,000 Hz से अधिक (d) 20 Hz से 20,000 Hz

52. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. निकट की वस्तुएं स्पष्ट दिखना | 1. निकट दृष्ट दोष |
| B. दूर की वस्तुएं स्पष्ट दिखना | 2. दूर दृष्टि दोष |
| C. ससंजन क्षमता का घटना | 3. जरा-दूर दृष्टिता |

**कूट :**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | (b) | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | (d) | 1 | 2 | 3 |

53. निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार कीजिए-
i. आवृत्ति ii. आयाम
iii. वेग
उपरोक्त में से कौन सा/से कारक ध्वनि तरंगों के अभिलाक्षणिक गुण प्रदर्शित करते हैं-
(a) केवल (i) और (ii) (b) केवल (i) और (iii)
(c) केवल (ii) और (iii) (d) उपरोक्त सभी

54. अवतल दर्पण के अनुप्रयोगों का चयन कीजिए-
i. टार्च, सर्चलाइट तथा वाहनों के हैडलाइट्स
ii. शेविंग मिरर
iii. डॉक्टरों के लैंस (परीक्षणकारी)
iv. सौर भट्टियों में
**कूट-**
(a) केवल (i) और (ii) (b) केवल (i) और (iii)
(c) केवल (ii) और (iv) (d) उपरोक्त सभी

55. निम्न कथनों पर विचार कर सही कथनों का कूट बताएं -
1. चाय तथा कॉफी का संघटक है। कैफीन एक मूत्रवर्द्धक होता है।
2. मृदु पेयों (Soft Drinks) में साइट्रिक अम्ल का प्रयोग होता है।
3. एस्कार्बिक अम्ल हड्डियों तथा दांतों के निर्मित होने के लिए आवश्यक है।
4. हमारे पोषण में एस्कॉर्बिक अम्ल के लिए सिट्रिक अम्ल एक अच्छा प्रतिस्थापक है। -
**कूट -**
(a) केवल 1 एवं 2 (b) केवल 1, 2 एवं 3
(c) केवल 3 एवं 4 (d) 1, 2, 3 एवं 4

56. निम्न में से कौन सा रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है-
(a) प्रिज्म से गुजरने पर श्वेत प्रकाश का सात रंगों में विभक्त होना
(b) सब्जियों को पकाने पर उनका मुलायम हो जाना
(c) सानी हुई मिट्टी का सूखने पर भंगुल हो जाना
(d) इनमें से कोई नहीं।

57. परमाणु के नाभिक में निम्न रहता/रहते हैं-
I. इलेक्ट्रॉन II. न्यूट्रॉन
III. प्रोटॉन IV. आॅरगन
**विकल्प-**
(a) I, II (b) II, III, IV
(c) I, III (d) II, III

58. निम्नलिखित में से कौन प्लास्टिक है?
1. पीवीसी 2. बैकेलाइट
3. मेलामाइन 4. रेफलॉन
(a) 1, 2 (b) 1, 2, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 1, 2, 3

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
I. जीवाणु और नीले-हरे शैवाल यूकैरियोट्स हैं।
II. प्याज की झिल्ली एवं गाल की कोशिकाएं प्रोकैरियोट्स हैं।
उपर्युक्त कथनों में कौन सा/से सही हैं?
(a) केवल I (b) केवल II
(c) दोनों (d) कोई नहीं

60. निम्नलिखित को विकास की प्रथम अवस्था से शुरू कर आखिरी अवस्था तक क्रम से सजाइए।
I. भ्रूण II. अण्डाणु
III. शिशु IV. युग्मनज
(a) I, II, III, IV (b) II, III, IV, I
(c) II, I, IV, III (d) II, IV, I, III

61. सुमेलित कीजिए-

| सूची-I (विटामिन) | सूची-II (स्रोत) |
|---|---|
| A. विटामिन – A | 1. मूंगफली, तिल, सूखी मिर्च बिना धली दाल, यकृत अंडा एवं सब्जियां |
| B. विटामिन – $B_1$ | 2. दूध, अंडा, पनीर, हरी साग-सब्जी, मछली, यकृत तेल |
| C. विटामिन – $B_{12}$ | 3. मांस, कलेजी, दूध |
| D. विटामिन – E | 4. पत्ती वाली सब्जियां दूध, मक्खन, अंकुरित गेहूं वनस्पति तेल |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 | (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

62. सुमेलित कीजिए-

| सूची-I (फल) | सूची-II (खाने योग्य भाग) |
|---|---|
| A. नारियल | 1. भ्रूणपोष |
| B. टमाटर | 2. फलभित्ति एवं बीजाण्डसन |
| C. लीची | 3. एरिल |
| D. अनानास | 4. परिदलपुज |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 1 | (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 | (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

63. सुमेलित कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. कंद (Tuber) | 1. आलू |
| B. धनकन्द (Corm) | 2. बन्डा केसर |
| C. शल्कन्कन्द (Bulb) | 3. प्याज |
| D. प्रकन्द (Rhizome) | 4. हल्दी, अदरक |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 | (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 | (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

64. सर्वाधिक मात्रा में मौजूद RNA है।
(a) r – RNA (b) t – RNA
(c) s – RNA (d) m – RNA

65. सुक्रोज में निम्नलिखित में से कौन सी मोनो से सैकेराइड ईकाइयाँ होती है।
(a) ग्लूकोज व फ्रक्टोज (b) ग्लूकोज व ग्लूकोज
(c) ग्लकोज व ग्लैक्टोज (d) फ्रक्टोज व ग्लैक्टोज

66. निम्नलिखित पशुओं में से किस एक का हड़प्पा संस्कृति में पाई मुहरों और टेराकोटा कलाकृतियों में निरूपण (Representation) नहीं हुआ था?
(a) गाय (b) हाथी (c) गैंडा (d) बाघ

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

67. सिंधु घाटी सभ्यता जानी जाती है-
(1) अपने नगर नियोजन के लिए
(2) मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के लिए
(3) अपने कृषि संबंधी कार्य के लिए एवं
(4) अपने उद्योगों के लिए
**नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।**
**कूट :**
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. चार्टर एक्ट, 1853 के द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी के भारतीय व्यापार के एकाधिकार को उत्सादित कर दिया गया।
2. गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1858 के अंतर्गत ब्रिटिश संसद ने ईस्ट इंडिया कंपनी को पूर्णत: समाप्त कर भारत में सीधा शासन करने का उत्तरदायित्व ग्रहण किया।
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) दोनों 1 और 2 (d) न ही 1 और न ही 2

69. 1919 में जब मॉन्टेग्यू चेम्सफोर्ड अधिनियम पास हुआ था, तब इंग्लैंड का प्रधानमंत्री कौन था?
(a) लायड जॉर्ज (b) जॉर्ज हैमिल्टन
(c) सर सैमुअल हौर (d) लॉर्ड सैलिशबरी

70. निम्न पुर्तगाली वायसराय में से किस हिन्द महासागर का स्वामी कहा जाता था?
(a) अल्मेडा (b) अल्बुकर्क
(c) निनो-डि-कुन्हा (d) अल्फासो-डि-सूजा

71. भारतीय इतिहास के संदर्भ में 'द्वैध शासन' (डायआर्की) सिद्धांत किसे निर्दिष्ट करता है?
(a) केंद्रीय विधानमंडल का दो सदनों में विभाजन।
(b) दो सरकारों अर्थात केंद्रीय और राज्य सरकारों का शुरू किया जाना।
(c) दो शासक-समुच्चय; एक लंदन में और दूसरा दिल्ली में होना।
(d) प्रांतों में प्रत्यायोजित विषयों का दो प्रवर्गों में विभाजन।

72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष सरोजिनी नायडू थीं।
2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष बदरुद्दीन तैयबजी थे।
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

73. दिल्ली-सल्तनत के किस शासक ने बाजार नियंत्रण विभाग ''दिवान ए रियासत बनाया''
(a) बलवन (b) जलालुद्दीन खिलजी
(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) इल्तुतमिश

74. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम निर्वाचित यूरोपीय अध्यक्ष था-
(a) ए.ओ. ह्यूम (b) जॉर्ज यूले
(c) अल्फ्रेड वेब (d) एनी बेसेंट

75. निम्नलिखित में से कौन एक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से कभी संबद्ध नहीं रहे?
(a) फिरोजशाह मेहता (b) हकीम अजमल खान
(c) खान अब्दुल गफ्फार खान (d) सर सैयद अहमद

76. "रैपिड फाइनेंसिंग इंस्ट्रूमेंट" और "रैपिड क्रेडिट सुविधा" निम्नलिखित में से किसके द्वारा ऋण देने के प्रावधानों से संबंधित हैं:
(a) एशियाई विकास बैंक
(b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(c) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम वित्त पहल
(d) विश्व बैंक

77. जी20 कॉमन फ्रेमवर्क के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
1. यह पेरिस क्लब के साथ मिलकर G20 द्वारा समर्थित एक पहल है।
2. यह कम आय वाले देशों को अस्थिर ऋण का समर्थन करने की एक पहल है।
**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

78. निम्नलिखित में से कौन सी स्थिति भारत के संदर्भ में हाल ही में मीडिया में अक्सर चर्चा की जाने वाली ''अप्रत्यक्ष हस्तांतरण'' को सबसे अच्छी तरह से दर्शाती है?
(a) एक भारतीय कंपनी एक विदेशी उद्यम में निवेश करती है और अपने निवेश से उत्पन्न मुनाफे पर विदेशी देश को कर का भुगतान करती है
(b) एक विदेशी कंपनी भारत में निवेश करती है और अपने निवेश से उत्पन्न मुनाफे पर अपने आधार देश को कर का भुगतान करती है
(c) एक भारतीय कंपनी किसी विदेशी देश में मूर्त संपत्ति खरीदती है और मूल्य बढ़ने के बाद ऐसी संपत्ति बेचती है और आय को भारत में स्थानांतरित करती है
(d) एक विदेशी कंपनी शेयरों का हस्तांतरण करती है और ऐसे शेयर भारत में स्थित संपत्तियों से अपना पर्याप्त मूल्य प्राप्त करते हैं

79. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
1. निजी और सरकारी अस्पतालों को इसे अपनाना होगा।
2. चूंकि इसका लक्ष्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करना है, इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को अंतत: इसका हिस्सा बनना चाहिए।
3. इसकी पूरे देश में निर्बाध पोर्टेबिलिटी है।
**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

80. भारत में मुद्रास्फीति को नियंत्रित करके मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए निम्नलिखित में से कौन जिम्मेदार है?
(a) उपभोक्ता मामले विभाग
(b) व्यय प्रबंधन आयोग
(c) वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद
(d) भारतीय रिजर्व बैंक

81. जुंटा सेना और विद्रोही समूहों के बीच लड़ाई से विस्थापित लोगों को मानवीय सहायता को बढ़ावा देने के लिए थाईलैंड और ........... द्वारा एक टास्क फोर्स की स्थापना की जाएगी।
(a) लाओस (b) म्यांमार (c) कंबोडिया (d) वियतनाम

82. जलवायु परिवर्तन सूचकांक 2023 में भारत एक स्थान उछलकर ......... स्थान पर पहुंच गया।
(a) 5 वें (b) 6 वें (c) 7 वें (d) 8 वें

83. मानवाधिकार दिवस 2023 का विषय क्या है?
(a) सभी के लिए गरिमा, स्वतंत्रता और न्याय
(b) स्वतंत्रता, समानता और सभी के लिए न्याय
(c) समानता - असमानताओं को कम करना, मानवाधिकारों को आगे बढ़ाना
(d) बेहतर तरीके से उबरें - मानवाधिकारों के लिए खड़े हों

84. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. यूनिसेफ दिवस हर साल 11 दिसंबर को मनाया जाता है।
2. यूनिसेफ का मतलब संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष है।
**सही कोड चुनें:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

85. छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री कौन होंगे?
(a) विष्णुदेव साय (b) अर्जुन मुंडा
(c) सर्बानंद सोनोवाल (d) दुष्यन्त कुमार गौतम

86. बिहार के पटना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की कौन सी बैठक हुई?
(a) 25वीं (b) 26वीं (c) 29वीं (d) 30वीं

87. 'वन भारत साड़ी वॉकथॉन' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?
1. इसे 10 दिसंबर 2023 को मुंबई में पीयूष गोयल, दर्शना जरदोश और संसद सदस्य - लोकसभा पूनम महाजन द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाई गई।
2. इसका उद्देश्य भारत भर में महिलाओं की भागीदारी के माध्यम से साड़ी पहनने के अपने तरीकों का प्रदर्शन करके भारत में हथकरघा साड़ी संस्कृति को बढ़ावा देना है।

**निम्नलिखित कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

88. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. 'यूथ फॉर उन्नति और एआई के साथ विकास' (YUVAI) को आगामी ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (GPAI) शिखर सम्मेलन में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।
2. यह देश भर में कक्षा 8 से 10 तक के स्कूली छात्रों को एआई कौशल से सक्षम बनाएगा।

**सही कोड चुनें:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

89. COP28 के प्रकृति, भूमि उपयोग और महासागर दिवस में भाग लेने वाले नेताओं ने सामूहिक रूप से जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाने और प्रकृति की रक्षा और पुनर्स्थापित करने में प्रयासों को मजबूत करने के लिए ..... ... से अधिक प्रतिबद्धताओं और प्रतिज्ञाओं का समर्थन किया है।
(a) $150 मिलियन (b) $186 मिलियन
(c) $221 मिलियन (d) $250 मिलियन

90. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. आईसीजीएस सजग ने सद्भावना यात्रा में यूएई के साथ समुद्री सहयोग बढ़ाया।
2. आईसीजीएस सजग, गुजरात के पोरबंदर में भारत के पश्चिमी तट पर स्थित अपतटीय गश्ती जहाजों के भारतीय तटरक्षक बेड़े का हिस्सा है।

**सही कोड चुनें:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

91. उस भारतीय उम्मीदवार का नाम बताइए, जिसने इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर द यूनिफिकेशन ऑफ प्राइवेट लॉ (UNIDROIT) के गवर्निंग काउंसिल के चुनाव में भारी जीत हासिल की।
(a) देवांशु शर्मा (b) उमा शेखर
(c) कौशल मेहरा (d) दीप्ति कमला

92. आईपीएल में मुंबई इंडियंस का नया कप्तान किसे नियुक्त किया गया है?
(a) जसप्रित बुमरा (b) हार्दिक पंड्या
(c) सूर्यकुमार यादव (d) शुबमन गिल

93. निम्नलिखित में से किसने और रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज की खरीद के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए?
(a) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(b) भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(c) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
(d) ऊपर के सभी

94. एसबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, ................ के बाद से महिला मतदाता पुरुष मतदाताओं से अधिक होंगी।
(a) 2029 चुनाव (b) 2024 चुनाव
(c) 2030 चुनाव (d) 2037 चुनाव

95. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?
1. पीएम मोदी ने वाराणसी के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 2023 के दूसरे चरण का उद्घाटन किया।
2. उन्होंने अपने भाषण के दौरान पहली बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया, जिससे उपस्थित लोगों को हेडफोन के माध्यम से तमिल में भाषण का वास्तविक समय में अनुवाद प्रदान किया गया।

**निम्नलिखित कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें।**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

96. आर्मी हॉस्पिटल में भारतीय डॉक्टरों ने हाल ही में भारत का पहला ...... ........ ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया है।
(a) अस्थि मज्जा (b) किडनी
(c) हृदय (d) मस्तिष्क

97. लॉजिस्टिक्स इंडेक्स चार्ट 2023 के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. इस रिपोर्ट में राज्यों को उनके लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के आधार पर रैंकिंग दी गई है।
2. गोवा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और झारखंड को अचीवर्स श्रेणी में स्थान दिया गया है।

**सही कोड चुनें:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) इनमे से कोई भी नहीं

98. हर साल 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाता है। भारत में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (NCM) का गठन ............ में किया गया था।
(a) 1994 (b) 1997 (c) 1992 (d) 1990

99. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. भारतीय वायु सेना ने 'एक्सरसाइज अस्त्रशक्ति' में 'समर' (SAMAR) वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
2. 'समर' (SAMAR) वायु रक्षा प्रणाली 7 BRD द्वारा विकसित की गई है।

**सही कोड चुनें:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) इनमे से कोई भी नहीं

100. अंतर्राष्ट्रीय हीरा और आभूषण व्यवसाय के लिए दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक केंद्र सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन किसने किया है?
(a) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
(b) वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण
(c) वाणिज्य एवं उद्योग पीयूष गोयल
(d) गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल

❑❑❑

# KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform

**Download The Khan Global Studies App**

GET IN ON Google Play



Download on the App Store

## Our Centres

Patna · Delhi · Prayagraj

Jaipur · Dehradun

## Visit Us

YouTube · Website · Telegram · Whatsapp

For more informaiton: 8757354880 | enquiry@khanglobalstudies.com